राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

बुलेटिन

जंक्शन टाइम्स

समस्तीपुर से प्रकाशित

वर्ष: 05 | अंक : 51 | समस्तीपुर | बुधवार 22 मार्च 2023 | पृष्ठ – 12 | मूल्य : 3 रूपये

मौलाना मजहरूल हक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में नेक में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मान समारोह का आयोजन

जे टी न्यूज

समस्तीपुर : मौलाना मजहरूल हक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय सस्तीपुर में शिक्षकों, शिक्षकेत्तर कर्मचारियों तथा छात्र छात्रों के द्वारा नेक में उत्कृष्ट योगदान के लिए एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो० सुरेंद्र प्रताप सिंह तथा मुख्य अतिथि के रुप में इंस्पेक्टर ऑफ कॉलेज आर्ट्स एंड कॉमर्स प्रो० अशोक कुमार मेहता उपस्थित रहे। इस अवसर पर अन्य लोगों के अलावा मिथिला विश्वविद्यालय बी०एड० के विभागाध्यक्ष डॉ० अरविंद मिलन, बीआरबी कॉलेज समस्तीपुर के प्राचार्य प्रो० बिरेंद्र कुमार चौधरी, महिला कॉलेज समस्तीपुर की प्राचार्य डॉ० सुनीता सिन्हा, आर०एन०ए०आर कॉलेज के प्राचार्य डॉ सुरेंद्र प्रसाद, ओरिएंटल कॉलेज ऑफ एजुकेशन दरभंगा के प्राचार्य डॉ० जी० एम० अंसारी, मौलाना मजहरूल हक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० अंजुम वारिस, बी०बी० फातिमा टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के सचिव अंजुम असगर, मौलाना मजहरूल हक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के सचिव मो० अबू सईद आदि लोग उपस्थित थें। समारोह की अध्यक्षता मौलाना मजहरूल हक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के अध्यक्ष मो० अबू तमीम ने किया। इस अवसर पर सभी शिक्षकों, शिक्षकेत्तर कर्मचारियों तथा छात्र छात्रों को मेमेंटो दे कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अन्त में छात्र छात्रों द्वारा रंगा रंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी प्रस्तुति की गई।